BHAGALPUR

# कायालय नगर निगम, भागलपुर

स्वामी विवेकानन्द पथ
कचहरी कैम्पस
भागलपुर
logon to- bhagalpurnagarnigam.in, e-mail- nagarnigambhagalpur@gmail.com, contact- 0641-2302035

भागलपुर नगर निगम

## आम सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4081, दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश के आलोक में 13 (तेरह) स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

**स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी, चयन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देश**

## स्वच्छता साथी कौन होगे :–

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यार्थी की उम्र 40 से अधिक ना हो।
3. अभ्यार्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यार्थी की आवाज साफ हो ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।
5. अभ्यार्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यों में कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्याथी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG member, Swachhagarhi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors एवं NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGOs youth, Community Based Organizations, RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते है।
7. नगर निगम स्तर पर कुल संख्या– 13 स्वच्छ साथी
8. अभ्यार्थी अपना CV अपने साथ अनिवार्य रूप से लाएगे।
9. अभ्यार्थी अपना आवेदन दिनांक 11.01.2025 तक स्वास्थ्य शाखा, नगर निगम भागलपुर में जमा कर देगें।
10. सभी अभ्यार्थी अपना मूल दास्तावेज (यथा– अपने संबंधित मूल प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ आवश्य आएगे।
11. साक्षात्कार दिनांक 13.01.2025 को नगर निगम भागलपुर के सभागार में 12:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित की जाएगी।
12. साक्षत्कार के उपरांत चयनित स्वच्छता साथी को Training कराई जाएगी।

## स्वच्छता साथी को मिलने वाले लाभ :–

1. कार्य अवधि पांच घंटे प्रतिदिन न्यूनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जाएगी।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पांच तारीख तक देय होगा।
5. प्रतिदिन रू0 300.00 के दर से प्रतिमाह 20 दिन का मानदेय 300 X 20 = 6000.00 रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।
6. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जाएगा, जिसकी अवधी अक्टुबर, 2026 तक बढाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छ साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 दिनों के लिए Engage किया जाएगा।
8. 200 कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 दिन का होगा जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छ साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी लोक स्वच्छता पदाधिकारी की होगी।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले लोक स्वच्छता पदाधिकारी देखेंगे।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जाएगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नहीं होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।

### स्वच्छता साथी के चयन की प्रक्रिया

1. स्वच्छ साथी को open advertisement के माध्यम से engage किया जाना है :–

   (क) चयन से संबंधित आवेदन की मांग से संबंधित सूचना निकाय स्तर पर कार्यालय के सूचना पट एवं अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर लगाया जाएगा।

   (ख) Criteria एवं Benefits की विवरणी सूचना में संलग्न होनी चाहिए

2. प्राप्त हुए आवेदन की Selection Criteria के आधार पर जांच एवं मिलान कर Final list बनायी जाएगी।
3. सभी अभ्यार्थियों का वदम जव वदम पदजमतअपमू किया जाएगा।

4. Interview के उपरांत चयनियत अभ्यर्थी के साथ Agreement किया जाएगा।
5. Agreement के उपरांत उन्हें वार्ड आवंटित किया जाएगा।
6. सभी चयनीत उम्मीदवार का Training करवाया जाएगा और उन्हें कार्य जिम्मेदारी एवं प्रतिवेदन के संबंध में जानकारी दी जाएगी।
7. चयनित उम्मीदवार को कार्य की जिम्मेदारी दी जाएगी।
8. निकाय स्तर पर पदस्थापित स्वच्छ साथी को इस तरह के वार्ड की जिम्मेदारी दी जाएगी की सभी वार्ड आच्दादित हो जाय। (एक से अधिक वार्ड की जिम्मेदारी)

**स्वच्छता साथी के कार्य की जिम्मेदारी :–**

1. अपने संबंधित वार्ड के सभी घरों का भ्रमण करना एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी जुटाना।
2. घर के मुखिया को Waste Segregation एवं Home Composting करने हेतु प्रेषित करना।
3. घर के मुखिया को सूखे एवं गीले कचरे को अलग–अलग कर निकाय की Collection वाली गाड़ी को देने हेतु प्रेषित करना।
4. घर के मुखिया एवं अन्य सदस्यों से मिलकर समस्या का निराकरण करना एवं उन्हें समझाना।
5. Single use plastic एवं Plastic carry bag के उपरोग को बंद करने हेतु प्रेषित करना।
6. घर पर ही Waste से Compost बनाने की विधि बताना एवं Compost बनाने हेतु प्रेषित करना।
7. वार्ड में छोटे स्तर पर छोटे–छोटे समूह की बैठक कर कचरे के फायदे एवं उससे स्वास्थ पर होने वाले प्रभाव पर चर्चा करना।
8. SHG के समूह की होने वाली Monthly बैठक में सम्मिलित होना तथा स्वच्छता विषय पर चर्चा करना।
9. Community Resource Person NULM के साथ समन्वय स्थापित करना।
10. वार्ड में समाज के प्रबुद्ध एवं प्रमुख व्यक्यिों कों CitiZen Leader के तौर पर तैयार करना।
11. वार्ड पार्षद एवं वार्ड स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित करना।
12. वार्ड के सभी Resident Welfare Association (RWA) से संपर्क स्थापित करना एवं Source Segregation को बढ़ावा देना।
13. वार्ड के सभी विद्यालयों में शौचालय की सफाई की विद्यालय के Management Committee साथ समन्य स्थापित करते हुए सुनिश्चित करवाना।
14. निकाय स्तर पर निर्मित Community Toilet एवं Public Toilet की स्थिति से लोक स्वच्छता पदाधिकारी को अवगत करना एवं feedback register करने हेतु नागरिकों को प्रेषित करना।
15. स्वच्छ सर्वेक्षण की सभी गतिविधियों में सहयोग प्रदान करना।
16. Citizen feedbak हेतु घर–घर जाकर ।चच के माध्यम से Feedbak register करना।
17. विभिन्न प्रकार के Poster, Banner लगवाने, नुक्कड़– नाटक Video show Triggering में सहयोग करना।
18. वार्ड के सभी Blke walk waste generator जो 100 कि0ग्रा0 से ज्यादा waste प्रतिदिन उत्पन्न करते हो कि पहचान करना।
19. समय–समय पर Septic का desludging करवाने हेतु प्रेषित करना।
20. घर एवं सामुदायिक शौचालय को साफ रखने, किचन से निकलने वाले पाली का सही उपयोग एवं toilet से निकलने वाले पानी से होने वाले नुकसान पर नागरिकों को जागरूक करना।

नोट :– **यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नहीं है, अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नहीं होगा।**

अनुलग्नक– आवेदन का प्रारूप।

ह0/–
नगर आयुक्त,
नगर निगम भागलपुर

ज्ञापांक 3330..../भा0न0नि0, दिनांक 02/02../2025

प्रतिलिपि :– प्रभारी आगत–निर्गत शाखा को सूचनार्थ एवं निगम सूचना पट्ट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रभारी आई0टी0 सेल को सूचनार्थ एवं निगम के वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

# कायालय नगर निगम, भागलपुर

स्वामी विवेकानन्द पथ
कचहरी कैम्पस
भागलपुर
logon to- bhagalpurnagarnigam.in, e-mail- nagarnigambhagalpur@gmail.com, contact- 0641-2302035

BHAGALPUR

भागलपुर नगर निगम


प्रतिलिपि– प्रभारी पदाधिकारी, जिला नजारत शाखा को सूचनार्थ एवं जिला कार्यालय के सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर भागलपुर को सूचनार्थ एवं अनुमण्डल कार्यालय के सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि जिला के बेबसाईट पर इसे अपलोड कराने का कष्ट किया जाए।

प्रतिलिपि– जिला पदाधिकारी, भागलपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

02.01.25

नगर आयुक्त,
नगर निगम भागलपुर

02/01/25

प्रपत्र 'क'

## नगर निगम भागलपुर कार्यालय में स्वच्छता साथी के Engagement हेतु आवेदन का प्रारूप

Photo

- आवेदक का नाम (अंग्रेजी में) :– ..........................................................
- आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................................
- आवेदक के पिता का नाम :– ..........................................................
- आवेदक के माता का नाम :– ..........................................................
- जन्म तिथि (आंकड़ों में) :– ..........................................लिंग :–..............................
- वर्त्तमान पता :– ..........................................................
  (फोन नम्बर एवं ई०मेल पता के साथ) :– ..........................................................
- स्थाई पता (फोन नम्बर एवं ई०मेल पता के साथ) :– ..........................................................
- राष्ट्रीयता :– .......................................... आधार संख्या :– ..........................................
- उम्मीदवार का पहचान चिन्ह :– ..........................................................
- शैक्षणिक योग्यता (स्वअभिप्रमाणित प्रमाण –पत्रों की छायाप्रतिया संलग्न करें) :–

| क्रमांक | परीक्षा | विषय | बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | अंक | श्रेणी/प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | हाईस्कूल | | | | | |
| 02 | इण्टरमीडिएट | | | | | |
| 03 | स्नातक | | | | | |
| 04 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 05 | अन्य | | | | | |

- कार्य अनुभव :– ..........................................................
- वांछित कागजात यथा (शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र/आवासीय प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय से निर्गत) की छायाप्रति स्वअभिप्रमाणित संलग्न करें :–
- ऐसे कोई विशेष अर्हता/कम्प्यूटर संबंधी जानकारी (प्रमाण पत्र संलग्न करें) जिसका उल्लेख करना चाहते हो :– ....
..........................................................

दिनांक :– ..........................................

स्थान :– ..........................................

आवेदक का हस्ताक्षर

### उद्‌घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरी निजी ज्ञान में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनायें गलत या झूठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदार मैं स्वयं रहूंगा/रहूंगी व इस संबंध में उक्त विभाग द्वारा मेरे विरुद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन/विज्ञापन संबंधी सभी नियम/शर्तो का अवलोकन कर लिया है।

संलग्नक :– 1.
2.
3.

दिनांक :–
स्थान :–

आवेदक का हस्ताक्षर